## महत्वपूर्ण एवं खास

### स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल पहुंचकर बीजापुर नक्सल हमले में घायल जवानों का हाल-चाल जाना

**रायपुर (आरएनएस)।** स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने आज रामकृष्ण केयर, एनएच-एमएमआई और श्रीबालाजी अस्पताल पहुँचकर बीजापुर नक्सल हमले में घायल जवानों का हाल-जाना। उन्होंने दोनों अस्पतालों में डॉक्टरों से चर्चा कर जवानों के इलाज की जानकारी ली। सिंहदेव ने जवानों से बात कर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने इस दौरान जवानों से घटना की जानकारी भी ली।

### राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने नक्सली हमले में घायलों को त्वरित उपचार के दिए निर्देश

**जगदलपुर (आरएनएस)।** राजस्व मंत्री एवं बीजापुर जिले के प्रभारी मंत्री राजस्व अग्रवाल ने बीजापुर में हुए पुलिस और नक्सलियों के बीच शनिवार को हुई मुठभेड़ में घायल जवानों को त्वरित एवं बेहतर उपचार के संबंध में निर्देश दिए। राजस्व मंत्री ने आज जगदलपुर स्थित एयरपोर्ट में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मुठभेड़ के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शांति और विकास के जरिए यहां के लोगों के जीवन को बेहतर करने के प्रयास में लगे इन जवानों पर नक्सलियों ने कायराना हमला किया है, जिसकी जितनी निंदा की जाए, कम है। उन्होंने कहा कि इस हमले में शहीद जवानों के परिजनों के साथ छत्तीसगढ़ शासन पूरी दृढ़ता के साथ खड़ी है और उनकी यह शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक पी सुंदरराज, डीआईजी नक्सल ऑपरेशन ओपी पॉल, सीआरपीएफ के डीआईजी राजीव राय, एसपी दीपक झा, अपर कलेक्टर अरविंद एक्का सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रख्यात फुटबॉलर रहीम नहीं रहे

**भिलाई (आरएनएस)।** इस्पात नगरी भिलाई में फुटबॉल को स्थापित करने में अहम भूमिका निभाने वाले प्रख्यात एनआईएस कोच व भिलाई स्टील प्लांट के सेवानिवृत्त कर्मी एम जेड रहीम (86) का रविवार को निधन हो गया। रविवार की शाम ही कब्रिस्तान हैदरगंज में उन्हें सुपुर्द ए खाक किया गया। अंतिम यात्रा उनके आमदी नगर हुडको स्थित निवास से निकली। वे अपने पीछे तीन बेटों सैयद अनिकुर रहीम, सैयद सीमाब उर रहीम और सैयद एहसान उर रहीम सहित भरा पूरा परिवार अपने पीछे छोड़ गए हैं।

### होटल के बाहर खड़ी बाईक चोरी, अज्ञात पर मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** होटल के सामने खड़ी बाईक चोरी कर लेने की रिपोर्ट गंज थाने में प्रार्थी ने दर्ज करायी है। मिली जानकारी के अनुसार खुशीनगर गोगांव गुढ़ियारी निवासी राजकुमार रोडगे 41 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी वसुन्धरा होटल स्टेशन रोड में मैनेजर है। 4 अप्रैल को सुबह 08 बजे अपनी मोटरसाइकिल होटल के बाहर पार्क किया था। वापस आने पर गंतव्य स्थान पर हीरो होण्डा सुपर स्पलेण्डर सीजी 04 सीपी 1047 अनुमानित कीमत 10 हजार नही मिली। किसी अज्ञात चोर ने बाईक चोरी कर लिया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म, बलात्कार का मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** शादी करने का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट पुरानीबस्ती थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता 27 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 29 नवंबर 2020 को पुरानीबस्ती निवासी विवेक दुबे ने पीड़िता को शादी करने का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाया तथा शादी करने कहने पर शादी से इंकार कर दिया।

# जमीन खरीदने का इकरारनामा कर 2 लाख 85 हजार रुपये की ठगी, एक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**पुलिस ने शव का पंचानामा पोस्टमार्टम एवं घटना स्थल से मिले सुसाईड नोट के आधार पर जांच के बाद तीन लोगों को किया गिरफ्तार**

**रायपुर (आरएनएस)।** जमीन खरीदने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 2 लाख 85 हजार रुपये ठगी कर लेने से क्षुब्ध व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मामले की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचानामा पोस्टमार्टम एवं घटना स्थल से मिले सुसाईड नोट के आधार पर जांच के बाद तीन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार विजयनगर भनपुरी खमतराई रायपुर निवासी बृज बहादुर सिंह ने थाने में शिकायत दर्ज करायी थी कि 26 अक्टूबर 2018 को प्रार्थी अपने बेटे विक्रम सिंह 44 वर्ष के साथ कम्प्यूजटर बनवाने बाजार गया था। वहां से वापस आने के बाद घर के बरामदे में पीड़ित के बेटे ने सिलिंग फेन में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। तथा घटना स्थल के पास मृतक के द्वारा लिखी हुई सुसाईट नोट मिलने पर अपराध दर्ज कर मामले की जांच में जुटी थी। जांच में पता चला कि मृतक के पिता के नाम से विजयनगर में पंजीकृत जमीन है जिसकी बिक्री हेतु घनश्याम उर्फ राजेश साहू 43 वर्ष व प्रवीण कातिया 45 वर्ष एवं विकास मिश्रा 30 वर्ष निवासी भनपुरी छठवा तालाब से मृतक ने इकरारनामा किया था। इकरारनामा होने के पश्चात राजेश साहू ने बैंक में पैसे नही है फायनेंस कराना पड़ेगा कहकर धोखाधड़ी कर 1 लाख रुपये नगद ले लिया इसके बदले में आरोपी ने उसे गारंटी के लिये चेक दिया था। लेकिन मृतक को आरोपी ने गुमराह कर सांकरा में जमीन देने के बहाने उसे दिया हुआ चेक एवं कुल 2 लाख 85 हजार की ठगी कर लिया। रुपये वापस मांगने पर मृतक को तुम्हारे पिता के नाम से जो जमीन है उसमें वार्ड गलत लिखा है कहकर धोखाधड़ी के केस में फंसा देने की धमकी देकर प्रताड़ित करने लगा। जिसके चलते मृतक को आत्महत्या जैसी कदम उठानी पड़ी। पुलिस ने जांच के बाद धनश्याम साहू,प्रवीण कुमार कातिया,विकास मिश्रा के खिलाफ धारा 306,420,34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## अलग-अलग क्षेत्र से दो मोटरसाइकिल चोरी, अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** अलग-अलग जगह खड़ी 2 बाईक चोरी कर लेने की रिपोर्ट गंज तथा पण्डरी थाने में दर्ज करायी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार खुशीनगर गोगांव गुढ़ियारी निवासी राजकुमार रोडगे 41 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी वसुन्धरा होटल स्टेशन रोड में मैनेजर है। 4 अप्रैल को सुबह 08 बजे अपनी मोटरसाइकिल होटल के बाहर पार्क किया था। वापस आने पर गंतव्य स्थान पर हीरो होण्डा सुपर स्पलेण्डर सीजी 04 सीपी 1047 अनुमानित कीमत 10 हजार नही मिली। किसी अज्ञात चोर ने बाईक चोरी कर लिया। इसी तरह शिव काम्पलेक्स मोवा निवासी महेश लाल पोद्दार 62 वर्ष ने पण्डरी थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 2 अप्रैल को दोपहर 12 बजे जिला अस्पताल के पास पण्डरी में पीड़ित ने अपनी एक्टीवा क्रमांक सीजी 04 केई 7945 अनुमानित कीमत 20 हजार रुपये को खड़ी किया था। वापस आने पर गंतव्य स्थान पर एक्टीवा नही मिली। किसी ने चोरी कर लिया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

## राजस्थान से काम करने आये मजदूरों का 6 नग मोबाईल चोरी, अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** राजस्थान से रायपुर मानाकैम्प काम करने आये 06 मजदूरों का मोबाईल चोरी कर लेने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार शरीफ। कालोनी मकराना जिला नागौर राजस्थान निवासी आविद 22 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी मार्बल गडाई का काम करता है। पिछले 06 माह से जैनम मानस समिति भवन माना कैम्प करीब 11 मजदूर राजस्थान से आकर काम कर रहे है। 26 मार्च को रात में खाना खाकर सभी मजदूर कमरे में सो गये। सुबह उठने पर बिस्तर पर रखा 06 नग मोबाईल अनुमानित कीमत 43 हजार रुपये को चोरी कर लिया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

# 8000 से अधिक मरीज होम आइसोलेशन में

**» रखा जा रहा पूरा ध्यान, दवाइयों की व्यवस्था के साथ ही चिकित्सकों द्वारा ली जा रही जानकारी**

**दुर्ग (आरएनएस)।** जिले के होम आइसोलेशन कंट्रोल सेंटर के माध्यम से लगातार कोरोना आइसोलेशन में रह रहे कोरोना मरीजों की सेहत की देखभाल की जा रही है। डॉक्टरों की टीम 24 घंटे इन मरीजों की सेहत पर नजर रखी हुई है। मरीजों से प्राप्त जानकारी के बाद उनके स्वास्थ्य के संबंध में गहन विमर्श होता है। इसके पश्चात आवश्यक पड़ने पर रिफरल संबंधी निर्णय लिया जाता है। उल्लेखनीय है कि दुर्ग जिले के होम आइसोलेशन कंट्रोल

सिस्टम को फीडबैक में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। अभी तक यहां से 17000 से अधिक मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। सेंटर की मेडिकल प्रभारी डॉ. रश्मि भुरे द्वारा लगातार मरीजों की स्वास्थ्य स्थिति की मॉनिटरिंग की जाती है। चिकित्सकीय स्टाफ द्वारा प्राप्त इनपुट के माध्यम से मरीज के आगे के इलाज के संबंध में निर्णय होता है। मरीजों के ऑक्सीजन लेवल की स्थिति की नियमित मॉनिटरिंग की जाती है ऑक्सीजन लेवल की मॉनिटरिंग के मुताबिक मरीज को चंदूलाल कोविड केयर हॉस्पिटल अथवा शंकराचार्य हॉस्पिटल में रेफर किया जाता है। होम आइसोलेशन कंट्रोल रूम के माध्यम से घर तक दवाइयां भेजी जाती है इसके साथ ही आपात स्थिति होने पर मरीज को अस्पताल तक भेजे जाने की व्यवस्था की जाती है। होम आइसोलेशन कंट्रोल सेंटर की पूरी नजर मरीज की ऑक्सीजन की स्थिति पर होती है मरीजों को स्पष्ट निर्देश होते हैं की पल्स ऑक्सीमीटर में पंचानवे से नीचे आने पर तुरंत इसकी सूचना दें अथवा किसी अन्य प्रकार के कॉम्प्लिकेशन होने की स्थिति में सूचना दें। इसके अलावा कंट्रोल रूम के चिकित्सक लगातार मरीजों की स्थिति पर नजर रखे रहते हैं। इसके साथ ही मरीजों को मेडिकल किट के अलावा कोरोना में किस तरह का खानपान करना और आइसोलेशन के नियमों का किस प्रकार पालन कराना यह सारी जानकारी दी जाती है। इसके साथ ही मरीजों को यह भी कहा जाता है कि आइसोलेशन के नियमों का पालन करें क्योंकि कोरोना संक्रामक बीमारी है। अभी तक यह प्रवृत्ति देखी गई है कि एक व्यक्ति के प्रभाव में पूरा परिवार संक्रमित हो जाता है। फिलहाल सेंटर में 100 लोगों का स्टाफ है जो रात दिन लोगों की सेहत की मॉनिटरिंग कर रहा है।

# टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य कर्मियों और फ्रंटलाइन वर्कर्स के नए नाम नहीं जुड़ेंगे

**» स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों को लिखी चिट्ठी**

**रायपुर (आरएनएस)।** कोरोना टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य कर्मियों और फ्रंटलाइन वर्कर्स की श्रेणी में अब नया पंजीयन नहीं किया जाएगा। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एनईजीवीएसी की सिफारिश पर इन श्रेणियों में टीकाकरण के नए पंजीयन पर तत्काल रोक लगा दी है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव श्री राजेश भूषण ने इस संबंध में 3 अप्रैल को सभी राज्यों को परिपत्र जारी किया है। उन्होंने टीकाकरण से संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी देने और अनुपालन के निर्देश देने कहा है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने परिपत्र में कहा है कि राज्यों के प्रतिनिधियों और डोमेन नॉलेज विशेषज्ञों के साथ समीक्षा में एनईजीवीएसी ने पाया है कि कुछ टीकाकरण केंद्रों में स्वास्थ्य कर्मियों और फ्रंटलाइन वर्कर्स के रूप में अपात्रों का पंजीयन कर टीकाकरण किया जा रहा है जो भारत सरकार द्वारा कोरोना वैक्सीनेशन के लिए जारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है। इन दोनों श्रेणियों में टीकाकरण के लिए पंजीकृत लाभार्थियों की संख्या में पिछले कुछ दिनों में 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है। एनईजीवीएसी की सिफारिश पर इन दोनों श्रेणियों में नए पंजीयन को तत्काल बंद किया जा रहा है। कोविन पोर्टल पर 45 और इससे अधिक उम्र के लोगों का पंजीयन जारी रहेगा। स्वास्थ्य कर्मी और फ्रंटलाइन वर्कर्स के रूप में पूर्व में पंजीकृत लोगों का कोविड टीकाकरण यथाशीघ्र सुनिश्चित किया जाएगा।

## 3 लाख रूपये का चरस के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

**कवर्धा (आरएनएस)।** कवर्धा जिला पुलिस ने दो युवको को 600 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है, जिसकी कीमत 03 लाख रूपये आंकी जा रही है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की देर रात में कवर्धा के बस स्टैंड के पास दो संदिग्ध युवकों को पकड़कर जब उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से 600 ग्राम चरस बरामद किया गया। दोनों आरोपी चरस को खपाने के फिराक में थे। आरोपियों के खिलाफ कोतवाली थाना पुलिस नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## इंद्रावती के पुल का शीघ्र होगा मरम्मत

**जगदलपुर (आरएनएस)।** इंद्रावती नदी पर जगदलपुर आसना मार्ग में स्थित बड़े पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से का मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालन अभियंता आरके गुरु ने बताया कि इस पुल का निर्माण 1987 में किया गया था। इस पुल का फुटपाथ स्लैब नवम्बर माह में क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके कारण पुल को हुए नुकसान का आंकलन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा केन्द्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के दल द्वारा दिसम्बर माह में पूरा किया गया था। केन्द्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात अब पुल का मजबूतीकरण एवं मरम्मत का कार्य बरसात के पहले समाप्त करने के लिए तेजी से कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए निविदा की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके साथ ही इस पुल में वाहनों के आवागमन में आई तेजी को देखते हुए एक डबल लेन के नए पुल के निर्माण का प्रस्ताव भी रखा गया है।

# महुआ संग्रहण के लिए ग्रामीण जंगल में लगा रहे आग

**कोरबा (आरएनएस)।** महुआ का सीजन प्रारंभ होते ही ग्रामीण इसके संग्रहण के लिए जिले के जंगलों में आग लगा दे रहे हैं जिससे वन संपदा के अलावा वन्य प्राणियों के जीवन को काफी खतरा उत्पन्न हो रहा है। ग्रामीणों द्वारा आग लगाए जाने से जंगल में मौजूद पेड़ झुलस कर सूख जा रहे हैं। वहीं वन्य प्राणी भी इससे बचने के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। वन विभाग जंगल में लगे आग को बुझाने के लिए काफी पसीना बहाना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार जिले के जंगल इन दिनों आग से धधक रहा है। खासकर कोरबा वनमंडल के बालको रेंज के अजगरबहार व उसके आसपास के जंगलों में आग लगने की घटनाएं कुछ अधिक ही हो रही है। जिसके लिए महुआ तथा

आगामी महीने में होने वाले तेंदूपत्ता सीजन को ज्यादा जिम्मेदार माना जा रहा है। क्षेत्र में निवासरत ग्रामीण पेड़ के नीचे पड़े पत्तों में आग लगा दे रहे हैं जिससे वह आगे बढ़कर जंगल को भी चपेट में ले रहा है। जंगल में लगी आग को बुझाने तथा देखरेख के लिए वन विभाग द्वारा फायर वाचरों की नियुक्ति की गई है जो वन विभाग के अधिकारियों को आग लगने की सूचना देते हैं जिस पर वन विभाग का अमला तत्काल वहां पहुंचकर इस पर नियंत्रण करने का कार्य करते हैं। इस कार्य में उन्हें काफी पसीना भी बहाना पड़ता है। गत दिनों अजगरबहार सर्किल में कछार, अजगरबहार व अन्य गांवों के जंगलों में भी ऐसे ही आग लगने की घटनाएं घटित हुई। जिसकी जानकारी मिलने पर विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और इसे बुझाने के साथ ही आग पर नियंत्रण पाया। इससे पहले कई पेड़ आग से झुलस गए हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकी तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन उन पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूल निवेरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पधिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# रायपुर की तरह भिलाई मार्केट खोलने की कलेक्टर से अपील

**दुर्ग (आरएनएस)।** कलेक्टर डा.सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे जी ने 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक दुर्ग जिले मे पूर्ण लाकडाउन लगाने का विरोध छत्तीसगढ़ चैम्बर भिलाई ईकाई ने लिखित पत्र के माध्यम से किया है।

प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने लाकडाउन का विरोध करते हुए कहा कि भिलाई के व्यापारी शासन की गाइड लाइन के अनुसार पहले भी और अभी भी कारोबार कर रहे है इसके साथ सभी मार्केट मे जागरूकता अभियान भी चला रहे है वेक्सीनेशन अभियान के अंतर्गत लगभग 1000 व्यापारियों ने टीका लगा चुके है अपने दुकानों पर मास्क एवं सैनिटाइजर का उपयोग ग्राहकों के साथ कर रहे है।

भिलाई चैम्बर सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया आदि अनेक माध्यम से सोशल डिस्टेटिंग का पालन करते हुए विगत कई माह से इस महामारी के खिलाफ महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। जबकि कोराना काल मे भिलाई के कारोबारियों की कमर तोड़ दी आर्थिक स्थिति को चौपट कर दिया है इसके बावजूद भिलाई चैम्बर ने शासन के साथ हर संभव मदद भिलाई के आमलोगों के लिए की जो यह दिखाता है कि भिलाई के व्यापारी हर समय जिम्मेदारी निभाते हैं।जिलाधिकारी महोदय से भिलाई चैम्बर यह निवेदन करता है कि भिलाई मे लाकडाउन न लगाकर व्यापारियों के कारोबार के अनुसार सभी दुकानों को भिन्न भिन्न समय मे व्यापार करने की अनुमति प्रदान की जाए।

यदि कोई व्यापारी शासन के नियमानुसार व्यापार नहीं करता हैं तो उस दण्डित किया जाए।कोराना महामारी से डरकर जिले की अर्थ व्यवस्था को कमजोर नहीं बल्कि सतर्क रहकर ,सावधान रहकर व्यापार को आगे गति देना है और जागरूक रहकर कोराना को हराना हैं। इस विषय को लेकर व्यापारियों का एक दल प्रदेश उपाध्यक्ष महेश बंसल के नेतृत्व में प्रदेश स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव जी मुलाकात कर सभी व्यापारियों के स्थितियों से अवगत कराया।इसी विषय को लेकर भिलाई चैम्बर ने गृहमंत्री को अपना ज्ञापन सौंपा।

हम सभी व्यापारियों का सिर्फ एक निवेदन है कि जिस प्रकार रायपुर मे लाकडाउन नही लगाया गया और उनके व्यापार को देखते हुए व्यापार का एक टाइम टेबल बनाया गया उसी प्रकार से भिलाई मे लाकडाउन न लगाकर व्यापारियों को व्यापार करने के लिए एक उत्तम अच्छी व्यवस्था समयानुसार बनाई जाए जिसमें भिलाई की जनता को तकलीफें का सामना न करना पड़े।

आज के ज्ञापन मे गारगी शंकर मिश्रा, मनोज बक्त्यानी, शिरीष अग्रवाल, विजय सिंह, सुधाकर शुक्ला, हरीश शर्मा, संजय कुकरेजा, विनोद प्रसाद, राजीव गुप्ता, शिवराज शर्मा, पवन अग्रवाल के साथ प्रेस को इस विषय की जानकारी कार्यालय सचिव सुनील मिश्रा के माध्यम से सोशल मीडिया एवं प्रिंट मीडिया को दी गई।